राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली

मंगलवार ● 21 मार्च ● 2017

16 पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.50

गणित के लंबे प्रश्नों में उलझे छात्र, एक सवाल अधूरा

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की बारहवीं कक्षा के गणित विषय की परीक्षा के एक सवाल को लेकर परीक्षार्थी उलझ गए। दरअसल यह सवाल एरिया ऑफ एप्लिकलेशन को लेकर था और एनसीईआरटी के दिशा निर्देशों के परिपेक्ष्य में अधूरा था। गणित के सब्जेक्ट एक्सपर्ट बीएन झा ने कहा कि यह प्रश्न उलझाने वाला था। इसी प्रकार इलाहाबाद जोन में भी एक प्रश्न भ्रमित करने वाला था। इसी प्रकार पेपर में दो अंकों वाले लंबे प्रश्नों को करने में परीक्षार्थी काफी उलझे।

देशभर में सोमवार को बारहवीं के परीक्षार्थियों की गणित की परीक्षा थी। पेपर कुल 100 अंकों का था। सब्जेक्ट एक्सपर्ट बीएन झा ने बताया कि पेपर में एक अंक वाले चार प्रश्न, दो अंक वाले आठ प्रश्न, चार अंक वाले ग्यारह प्रश्न और छह अंक वाले छह प्रश्न आए थे। पीतमपुरा एमएम पब्लिक स्कूल के सब्जेक्ट एक्सपर्ट गुरजीत व लाडपुर शिक्षा सेंट विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सब्जेक्ट एक्सपर्ट मनोज ने बताया कि पेपर में दो अंको वाले प्रश्न काफी लंबे थे, जिससे परीक्षार्थियों को दिक्कत हुई।

2 नंबर पर वाले लंबे प्रश्नों में लग गया वक्त

एरिया ऑफ एप्लिकेशन के 6 अंक के प्रश्न ने उलझाया

इलाहाबाद जोन में भी एक प्रश्न भ्रमित करने वाला

एक्सपर्ट ने बताया कि पेपर औसत स्तर का था न मुश्किल न आसान। इस प्रकार चार अंकों वाले प्रश्न भी लंबे थे। परीक्षार्थी जागृति, नेहा और चिराग ने कहा कि पेपर में दो अंक वाले प्रश्न काफी लंबे थे, जिसको हल करने में काफी समय लग गया। एक्सपर्ट बीएन झा ने बताया कि दिल्ली जोन में पेपर सेट नंबर एक के प्रश्न नंबर 27 जो कि एरिया ऑफ एप्लिकेशन पर आधारित था, इसमें दिक्कत थी।

यह प्रश्न अधूरा था, इसमें यह नहीं बताया गया था कि किस हिस्से का - वाई एक्सिस या एक्स एक्सिस- एरिया निकालना है। इस दुविधा से छात्रों का कीमती समय भी बर्बाद हुआ। इसी प्रकार इलाहाबाद जोन के पेपर सेट नंबर एक के 10 प्रश्न में,जो कि प्रोबेबिलिटी पर आधारित था, उसमें भी क्या पता करना है, इसको स्पष्ट नहीं किया गया था।